हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 शहर में उल्लास और भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद

12 कौशल्या धाम जामड़ी पाटेश्वर में प्रदेश ...




## खबर संक्षेप

### मंत्री का ओएसडी बताकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** गृह मंत्री का ओएसडी बताकर खिलाड़ियों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम खुर्सीपार में क्रिकेट मैच के दौरान खिलाड़ियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं डराने-धमकाने की शिकायत मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नेताजी चौक लिंक रोड, थाना जांजगीर चांपा निवासी सर्वेश सिंह को पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया है।

### पारा 45.5 डिग्री, सामान्य से 2.5 डिग्री तक ज्यादा

**दुर्ग।** नौतपा के तीसरे दिन भी हीटवेव का प्रकोप जारी रहा। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 2.5 डिग्री ज्यादा रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री रहा, जो समान्य से 1.3 डिग्री रहा। मौसम विभाग की मानें तो तापमान में आगामी दिनों में और भी बढ़ोत्तरी की संभावना बनी हुई है। पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच अंधड़, तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर बारिश की भी संभावना बनी हुई है। नौतपा की वजह से दोपहर के समय सड़कें वीरान रहे। शाम के समय भी गर्म हवाओं की थपेड़ों ने लोगों को परेशान किया। गर्मी की वजह से एसी, कूलर और पंखों ने काम करना बंद कर दिया है। गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि नौतपा के 9 दिन साल के सबसे गर्म दिन माने जाते हैं। इस दौरान तापमान 40-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इस समय घर से बाहर निकलना रिस्की होता है।

### आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान शुरू

**भिलाई।** शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, यातायात बाधा एवं नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आवारा मवेशियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों पर बैठे एवं घूम रहे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। मवेशियों को पकड़कर कोसानाला गौठान भेजा जा रहा है, जहां उनके रहने, खाने-पीने एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है। गौठान में मवेशियों के लिए चारा, पानी एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण मिल सके। निगम प्रशासन का कहना है कि शहर में लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे थे, जहां सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। विशेषकर रात्रि के समय एवं व्यस्त मार्गों पर यह स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है। रोका-छेका विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है।

# कुसुमकसा मंडल में विकास कार्यों का निरीक्षण, अधूरे निर्माण कार्यों पर जनपद अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

जनपद पंचायत डौंडी क्षेत्र के कुसुमकसा मंडल अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आज विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी गई।

जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने जनपद सदस्य आशा आर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, कुसुमकसा अध्यक्ष योगेंद्र गाँधी एवं संगठन पदाधिकारियों के साथ गांव-गांव पहुंचकर पूर्व कार्यकाल में स्वीकृत लेकिन अब तक अधूरे पड़े विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल महामंत्री हिंसा साहू, मितेंद्र वैष्णव, पोषण भुआर्य, मंडल मंत्री मंजू चक्रधारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री हेमंत साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन साहू, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सदस्य हितेश डोगरे, अंकित टाटिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीएम आवास हितग्राहियों से की मुलाकात




### अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा विकासः रुपेश नायक

भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक ने कहा कि भाजपा सरकार में अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी विकास कार्य अधूरे हैं, वहां लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और जनपद व जिला स्तर पर उनका निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर गांव में विकास कार्यों पर नजर रखे हुए हैं ताकि योजनाओं का लाभ आम लोगों तक सही तरीके से पहुंच सके।

### अधूरे कार्यों की बनाई गई सूची

निरीक्षण के दौरान पूर्व कार्यकाल में स्वीकृत सीसी रोड, सामुदायिक भवन, मंच निर्माण सहित अन्य अधूरे विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया। जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने कहा कि कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्य स्वीकृत तो हुए, लेकिन समय पर पूरे नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी अधूरे कार्यों की ▶▶|शेष पेज 10 पर

## तैयारी : नगर पंचायत चुनाव में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

# पलारी नगर पंचायत चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया प्रचार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत पलारी के प्रथम चुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। बूथ स्तर पर जहां कार्यकर्ताओ ने मोर्चा संभाला है वही प्रदेश के बड़े नेता भी भाजा प्रत्याशी लखन लाल गुरूपंच के प्रचार के लिए पलारी पहुंच रहे है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के बाद अब प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा बुधवार शाम को पलारी पहुंचे। विजय शर्मा के पलारी पहुंचने पर भाजयुमो ने बाईक रैली निकाली व नगर का भ्रमण किया।

- विकास कार्यों को भाजपा बना रही चुनावी मुद्दा

विजय शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओ से चर्चा की व प्रमुखो के साथ बैठकर समीक्षा की व उन्हे दिशा दिर्नेश दिया। स्थानीय बाजार चौक में विजय शर्मा ने एक सभा को संबोधित किया। ग्राम पंचायत पलारी के रूप में कार्य कर रही विकासखण्ड के इस सबसे बड़े ग्राम को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग सालो से की जा रही थी। भाजपा सरकार ने नगर पंचायत पलारी का दर्जा एक साल पूर्व दिया था। नगर पंचायत बनने के बाद पहली बार पलारी में चुनाव हो रहा है। अब तक ग्राम पंचायत के रूप में चुनाव को देख रहे नगरवासियो के लिए यह चुनाव किसी तिलस्म की तरह है। इस चुनाव में भाजपा व कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है एवं अपना घोशणाओ का पिटारा खोला है। चुनाव की गर्मी, वातावरण की गर्मी से भी तेज है। गर्मी के बाद भी कार्यकर्ताओ व ग्रामीणो का उत्साह कम नही हुआ है।

विजय शर्मा की सभा में उमड़ी भीड़ नगरवासियो की उत्साह को प्रतिबिंबित कर रहा था। भाजपा ने इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। चुनाव की घोशणा के पहले ही भाजपा सरकार ने विकास कार्यो का पिटारा खोला था। नगर पंचायत मे 5 करोड़ से ज्यादा के कार्य स्वीकृत किए थे एवं उसका भूमिपूजन, निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने की कागजी कार्यवाही पुरी कर दी गई थी। जिससे वर्तमान में यहां कई कार्य प्रगति पर है। भाजपा नगर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए आम जनता से समर्थन मांग रही है।

### आम जनता से मांगा समर्थन




# खाद, बीज और डीजल की समस्या को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला बालोद तहसील गुण्डरदेही ने खाद, बीज एवं डीजल आदि की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसान संघ ने कहा कि देश में आए संकट को किसान संघ गंभीरता से समझ रहा है। संकट की इस घड़ी में किसान भी देश के साथ खड़ा है।

- किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की उठी मांग

कृषि कार्य के लिए आदानों की आवश्यकता होती है, वह पर्याप्त मात्र में मिले यदि खाद की व्यवस्था में कमी होगी तो निश्चित ही फसल पर इसका प्रभाव पड़ेगा, उत्पादन कम होता है तो किसान की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। भारतीय किसान संघ ने आरोप लगाया कि खाद की कालाबाजारी के को रोकने के ठोस प्रयास नहीं किये हैं। परन्तु अब जब विषम अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों का किसानों की जीविका पर सीधा असर पड़ने पर किसानों से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौपे ज्ञापन में कहा है की है कि प्रदेश में खाद एवं बीज की किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। समितियों में पर्याप्त खाद की व्यवस्था की जाए, किसानों को प्रति एकड़ एक बोरी डीएपी एवं दो बोरी यूरिया दिया जाए, सभी निजी खाद विक्रेताओं से सही मूल्य में किसानों को खाद उपलब्ध करवाई जाए। ▶▶|शेष पेज 10 पर

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन देने वालो में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, गुण्डरदेही तहसील अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, जिला जैविक प्रमुख मनहरण साहू, सहकारिता प्रमुख बुधरु राम साहू, विद्युत प्रमुख खुमु राम ठाकुर, कुम्भकरण साहू, भेमलाल साहू, भागवत प्रसाद चन्द्रवंशी, भोलाराम साहू, चंद्र कुमार साहू, पुष्पेन्द्र नेताम, पोषण लाल सिन्हा, उग्रसेन साहू, चमरु राम साहू, गुण्डरदेही तहसील उपाध्यक्ष रोशन लाल चतुर्वेदी, घनश्याम चन्द्राकर, चुनुराम ठाकुर, डिलेशवर प्रसाद, भुपत सिंह साहू, कमलकांत, गजाधर प्रसाद, हिरेन्द कुमार, योगेश कुमार एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

# कुसुमकसा में आयशर और स्कूटी की जोरदार भिड़ंत, दो युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में जानकी फ्यूल्स कुसुमकसा से मुख्य मार्ग पर निकला रही आयशर वाहन एम एच 04 एल ई 5377 की से स्कूटी सी जी 24 एच 7717 की जोरदार भिंडत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की स्कूटी के सामने का हिस्सा का परखच्चे उड़ गए। जिसमें स्कूटी सवार दो युवकों को गंभीर चोट आई है, घायल युवक हिमांशु रावते व राजकुमार कोर्राम ग्राम सुवरबोड निवासी है। जो कुसुमकसा से अपने गांव जा रहे थे ,घटना की जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना डायल 112 में सूचना मिलते ही पुलिस वैन घटना स्थल पहुंच गई और घायलों को उचित उपचार हेतु 112 की पुलिस वैन में जिला अस्पताल बालोद ले गई। घटनास्थल से मिली जानकारी अनुसार आयशर वाहन जानकी फ्यूल्स से मुख्य मार्ग में आ रहा था।

- डायल 112 की तत्परता से घायलों को मिला समय पर उपचार

घटनास्थल पर ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ शासन की कुछ दिनों पूर्व चालू की गई डायल 112 पुलिस वैन की जमकर तारीफ करते हुए दुर्घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पहुंचकर घायल व्यक्तियो को त्वरित उपचार हेतु उक्त वाहन में अस्पताल तक पहुंचाया।

# सुशासन तिहार शिविर बना दिव्यांग बेटी के लिए सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के शिविर आम जनता के लिए मददगार साबित हो रहा है। इसके जरिए लोगों के शासकीय काम न केवल आसानी से हो रहे हैं, बल्कि उनके समय और पैसे की भी भारी बचत हो रही है।

बालोद जिले के ग्राम पंचायत संजारी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंची एक माँ ने अपनी दिव्यांग बेटी के लिए एक आवेदन से ही उसे समाज कल्याण विभाग द्वारा व्हीलचेयर प्रदान किया गया है। ग्राम आतरगांव की रहने वाली दूरपति बाई अपनी दिव्यांग बेटी को चलने–फिरने में पूरी तरह असमर्थ बेटी को उठाने और कहीं भी ले जाने में उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनके लिए बाजार से व्हीलचेयर खरीद पाना भी संजारी में आयोजित सुशासन तिहार शिविर का पता चला, तो वे अपनी उम्मीद लेकर समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर पहुँचीं। उन्होंने अपनी बेटी के लिए व्हीलचेयर की मांग करते हुए एक आवेदन दिया। सुशासन तिहार में जिला प्रशासन ने उसके आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ निराकरण करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित रूप से मौके पर ही दूरपति बाई की बेटी को व्हीलचेयर प्रदान कर दी गई।

दूरपति बाई ने बताया कि उनके लिए व्हीलचेयर खरीद पाना काफी मुश्किल था, लेकिन सुशासन तिहार के विशेष शिविर के कारण उनका यह काम बहुत ही कम समय में और बेहद आसानी से हो गया। अपनी इस बड़ी समस्या का तुरंत समाधान होने पर भावुक मां दूरपति बाई ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### आवेदन देते ही मिली व्हीलचेयर

- आवेदन पर समाज कल्याण विभाग ने दी त्वरित सहायता
- व्हीलचेयर मिलने पर दूरपति बाई ने जताया आभार



## धनोरा में बने अत्याधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का लिया जायजा

# जल जीवन मिशन कार्यों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्रामीण क्षेत्रें में घर–घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित 'जल जीवन मिशन' के कायोंर् को गति देने के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनोरा का औचक निरीक्षण किया।

- 27 गांवों को जल्द मिलेगा नल से शुद्ध पेयजल
- अधूरे तकनीकी कार्य युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश

मिश्रा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना कनेरी के तहत नवनिर्मित अत्याधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (जल शोधन संयंत्र) का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के रॉ वॉटर इनटेक, सेडीमेंटेशन, फिल्ट्रेशन और क्लोरिनेशन यूनिट का अवलोकन किया।



उन्होंने वहाँ उपस्थित संबंधितों से संयंत्र की शोधन क्षमता, तकनीकी बारीकियों और जल गुणवत्ता जांच की व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों को मिलने वाला पानी पूरी तरह शुद्ध और मानकों के अनुरूप होना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संयंत्र के भौतिक बुनियादी ढांचे का जायजा लेने के बाद कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी तकनीकी या फिनिशिंग के काम बचे हैं, उन्हें युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए।

मिश्रा ने संयंत्र का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन शीघ्र ही शुरू करने की समय–सीमा तय की, ताकि परियोजना का लाभ जल्द से जल्द आम जनता को मिल सके। अधिकारियों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि समूह जल प्रदाय योजना कनेरी के पूरी तरह सक्रिय होते ही क्षेत्र के 27 गांवों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से नियमित और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी। इस योजना के शुरू होने से गर्मी के दिनों में होने वाली पानी की किल्लत से ग्रामीणों को हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी और विशेषकर महिलाओं को पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।



## खबर संक्षेप

### बोरवेल मशीन में लगी आग से अफरा-तफरी

**कांकेर।** जिले के कोरर दबेना इलाके में गुरुवार को एक बोरवेल मशीन में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी मशीन आग की लपटों में घिर गई और आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वयारल हुआ है, जिसमें मशीन धू-धू कर जलती दिखाई दे रही है। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दूर भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही दमकल और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### मासूम की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजूर क्षेत्र के पीव्ही-130 गांव में डेढ़ माह के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवेंद्र पाल अपने पुत्र नयांश पाल को उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर उपचार के लिए कापसी स्थित श्रीराम चंद्र अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे को घर लाया गया और दवाइयां दी जा रही थीं, लेकिन तबियत बिगड़ने पर परिजन दोबारा अस्पताल पहुंचे, वहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### महंगाई के खिलाफ आज मजदूरों करेंगे प्रदर्शन

**कांकेर।** बढ़ती महंगाई के विरोध में आज शुक्रवार को मजदूर वर्ग गांधी चौक में प्रदर्शन करेगा। नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के प्रवक्ता प्रशांत रजक ने बताया कि लगातार बढ़ रही महंगाई से मजदूर और गरीब तबका सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है।

# दर्री तालाब लीज मामले में उठे सवाल अनुबंध पत्र में सरपंच के हस्ताक्षर नहीं

## एक ही दिन में लीज आदेश और अनुबंध बनने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/देवरी

विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के ग्राम पंचायत हथौद के दर्री तालाब लीज का मामला गहराते जा रहा है। दर्री तालाब को लीज पर दिए जाने के अनुबंध पत्र एवं उसे लीज में देने दोनों की प्रक्रिया पर सवालिया निशान लग गए है। मछुआ समिति द्वारा बीते सात सालो से लगातार मछली पालन व विक्रय का काम बेरोकटोक किया जा रहा है। अब मामले में शिकायत की जा रही है। ग्राम पंचायत हथौद में 9 जनवरी 2019 में ग्राम के दर्री तालाब को 10 साल के लीज पर नीलकमल मछुआ सहकारी समिति खेरथा बाजार को दिए जाने का आदेश सहायक संचालक मछली पालन विभाग द्वारा दिया गया था। ग्राम पंचायत ने 9 जनवरी 2019 को ही पत्र क्रमांक 09 में अपने आदेश जारी कर 9 जनवरी 2019 को ही अनुबंध कर दिया गया। मामले में पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि पंचायत द्वारा जारी पत्र व अनुबंध पत्र में सरपंच के सील व हस्ताक्षर ही नही है। प्राप्त दस्तावेजो के अवलोकन से प्रतीत होता है कि पंचायत द्वारा यह फर्जी आदेश जारी किया गया है। बड़ा सवाल यह है कि एक ही दिन में सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई। लेकिन पंचायत द्वारा जारी आदेश पत्र व अनुबंध पत्र के दस्तावेज जो शिकायत के दौरान प्रस्तुत किए गए है। उसमें कही भी तत्कालिक सरपंच ने हस्ताक्षर नही है अर्थात अनुबंध एक पक्षीय है। जिसमें मछुआ समिति के अध्यक्ष लोकनाथ के ही हस्ताक्षर दिख रहे है। सरपंच के सम्मान पर मात्र एक लकीर दिख रही है न सील है न हस्ताक्षर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मछुआ समिति इस सब के बाद भी प्रति वर्ष लीज की राशि ग्राम पंचायत में जमा कर रही है। पंचायत द्वारा राशि स्वीकार कर उसकी रसीद भी दे रही है। लीज के बाद से दर्री तालाब मछुआ समिति के नियंत्रण में ही है। समिति द्वारा ग्रामीणो की उपस्थिति में नियमित मछली निकाला, बेचा जाता है। पंचायत द्वारा कभी हस्तक्षेप नही किया गया है। बीते ढेड़ साल में समिति द्वारा तीन बार तालाब से मछली निकालने का कार्य किया है। मामले में प्राप्त शिकायत के अनुसार नीलकमल मछुआ समिति को दी गई लीज के मामले में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नही करने का भी आरोप है। प्राप्त दस्तावेजो के अवलोकन से यह भी स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि समिति को लीज तत्कालीक पंचायत द्वारा देने के पूर्व सार्वजनिक सूचना जारी नही की गई है, क्योकि जो दस्तावेज मिले है उनमें कही भी अन्य संलग्न, ग्रामो में, तहसील, जनपद व अन्य सार्वजनिक स्थलो में सूचना चस्पा करने या मुनादी कराने के साक्ष्य नजर नही आया। मामले में वर्तमान सरपंच पुष्पलता बघेल ने कहा समिति को लीज 2019 में तत्कालीक पंचायत ने दिया था। उस समय जो दस्तावेज पंचायत में उपलब्ध है उसमें पंचायत के तत्कालीक सरपंच के हस्ताक्षर नही है। वर्तमान पंचायत कार्यकाल में मछुआ समिति ने तीन बार मछली निकाला है पंचायत ने कभी हस्तक्षेप नही किया है। मामले में ग्रामीणो ने शिकायत की थी।

## मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने रंगमच के सामने शेड निर्माण एवं टाइल्स निर्माण कार्य हेतु मांग पत्र सौंपा

# कलेक्टर ने कर्णेश्वर मंदिर के पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



कलेक्टर अविनाश मिश्रा का आगमन धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के केंद्र कर्णेश्वर धाम में हुआ, जहां उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर धाम की पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर के आगमन पर कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर, प्राचीन मूर्तियों, ऐतिहासिक अवशेषों तथा धाम से जुड़ी धार्मिक परंपराओं के बारे में ट्रस्ट सदस्यों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली। ट्रस्ट द्वारा उन्हें बताया गया कि कर्णेश्वर धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आगमन होता है।

कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने धाम में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा पर्यटन की संभावनाओं को लेकर अधिकारियों एवं ट्रस्ट सदस्यों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने धार्मिक धरोहरों के संरक्षण एवं परिसर के सुव्यवस्थित विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कलेक्टर को विभिन्न मांगों से अवगत कराया। ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था, पहुंच मार्ग के उन्नयन, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग सुविधा, पर्यटन विकास कार्यों तथा धाम की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित करने संबंधी मांगें रखी गईं। साथ ही आगामी धार्मिक आयोजनों एवं मेलों के दौरान प्रशासनिक सहयोग की भी अपेक्षा जताई गई।

कलेक्टर ने ट्रस्ट की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण एवं विकास शासन की प्राथमिकता में शामिल है तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

कलेक्टर के आगमन से ट्रस्ट सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, नागेन्द्र शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, कमल डागा, ट्रस्ट सचिव भरत निर्मलकर, सह सचिव मोहन पुजारी, छबि ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर, एसडीएम प्रीति दुर्गम, जनपद सीईओ रोहित बोर्झा सहित जिले भर के प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

-:: सुशासन तिहार में कागजी निपटारा ::-

# पेड़ों की कीमत पूछने पर थमाया कोर्ट का आदेश

- कुरुद ब्लाक अंतर्गत ग्राम थुहा के 16 साजा पेड़ की कटाई का है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार के तहत जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के दावों के बीच धमतरी वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। कुरुद ब्लॉक के ग्राम थुहा निवासी तोरण सिंह साहू ने अवैध रूप से काटे गए साजा पेड़ों के 14 से 16 अलग-अलग ठूंठों की गोलाई के आधार पर उनकी लकड़ी की अनुमानित आर्थिक कीमत का तकनीकी आकलन मांगा था। इसके लिए उन्होंने 19 मई 2026 को ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 26144679744679 प्रस्तुत किया था।

मामले में आवेदक का कहना है कि उन्होंने केवल कटे हुए पेड़ों की अनुमानित कीमत और उससे संबंधित प्रमाणित जानकारी मांगी थी, लेकिन वन विभाग ने मूल प्रश्न का जवाब देने के बजाय आवेदन को ही निरस्त कर दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी द्वारा 26 मई 2026 को जारी पत्र क्रमांक 48 में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद के प्रतिवेदन का हवाला देते हुए बताया गया कि संबंधित भूमि राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत आती है तथा इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय कुरूद द्वारा पूर्व में आदेश पारित किया जा चुका है। वन विभाग ने मामले में तकनीकी मूल्यांकन करने की बजाय न्यायालयीन आदेश की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन को समाप्त मान लिया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों और क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि सुशासन तिहार के नाम पर विभाग सिर्फ फाइलों की औपचारिक खानापूर्ति कर रहा है, जबकि आवेदकों को उनकी मांग के अनुरूप स्पष्ट और तथ्यात्मक जानकारी नहीं मिल पा रही है।

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा आवेदन, किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

# खाद-बीज और डीजल संकट पर भड़का भारतीय किसान संघ, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



भारतीय किसान संघ जिला धमतरी ने जिले में खाद, बीज और डीजल की समस्या को लेकर शासन-प्रशासन पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम आवेदन सौंपकर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा निजी दुकानदारों द्वारा किए जा रहे शोषण पर रोक लगाने की मांग की है।

संघ द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वर्तमान समय में किसान खाद, बीज और डीजल की समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों को समितियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर निजी खाद विक्रेता अधिक कीमत वसूल कर किसानों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। संगठन का आरोप है कि शासन-प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

### समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

संघ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

इस दौरान जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर, तहसील अध्यक्ष ठाकुर राम, टीकम राम साहू, गौतम साहू, गोपालराम, उत्तम, उमेश्वरी, लोकेश्वरी साहू, महेंद्र, अशोक, हिमेंद्र कुमार, प्रदीप चंद्राकर, धनेश्वर सोनकर, प्यारे लाल निषाद, टेकराम चंद्राकर, व्यासनारायण, मुकेश लाल, मेवाराम साहू, दानेश्वर, रामकुमार एवं चमनलाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### कालाबाजारी रोकने और सस्ती दर पर बीज उपलब्ध कराने की मांग

भारतीय किसान संघ ने मांग की है कि समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराया जाए। साथ ही कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संगठन ने किसानों को कृषि कार्य के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने, गुणवत्तायुक्त बीजों का भंडारण करने तथा हरी खाद के बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई है।

# सिहाद में गंगा तालाब का गहरीकरण प्रारंभ





- मनरेगा के तहत 9.45 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति मजदूरों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम पंचायत सिहाद में बुधवार को महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना के तहत गंगा तालाब की साफ सफाई एवं गहरी करण का कार्य जनपद पंचायत कुरुद से 9.45 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात 27 मई को तालाब में पूजा अर्चना के बाद तालाब की सफाई एवं गोदी का कार्य आरंभ किया गया। गोदी में वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 05 तक के कुल 181 महिला पुरुष मजदूरी कार्य में लगे हुए हैं। सरपंच श्रीमती सरिता बैस ने बताया की गंगा तालाब जो कि चारों तरफ से खेतों से लगा हुआ है जिसकी सफाई एवं गहरीकरण से किसानों को खेतो की सिचाई में लाभ मिलेगा व जल स्तर में बढ़ोत्री होगी। गांव में रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत काम मिलने से मजदूरों में हर्ष का माहौल है और आगे भी मजदूरों को रोजगार दिलाने के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। उक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रमुख रूप से सरपंच श्रीमती सरिता बैस एवं उपसरपंच भेषज बैस, पंचगण-किशोर पटेल, वेदमती साहू, बुधा साहू, विद्याशंकर साहू, तिलक विश्वकर्मा, चंदशेखर सोनी, गुनमत साहू, चेतना बैस, लक्ष्मी बैस, बेना बैस, कमलेश्वरी यादव, जेठिया सेन, कविता कुर्रे, थानेशवर पटेल, रोजगार सहायक उत्तम पटेल, मेट-सुनीता साहू, ज्योति कुर्रे, मोनिका मानिकपुरी, पिंकी विश्वकर्मा, योगेश्वरी साहू सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिकगण काफी संख्या मे उपस्थित थे।

# दरबा में नवीन डबरी निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



सुबह की शुरुआत के साथ ग्राम पंचायत दरबा में सरपंच श्रीमती पूजा गुलशन साहू के द्वारा नवीन डबरी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मनरेगा के अंतर्गत ग्राम दरबा में यह एक दूसरा कार्य और प्रारंभ किया गया है। इस कार्य से ग्राम वासियों में हर्ष व्याप्त है कि बारिश के पूर्व उन्हें दूसरा और मनरेगा कार्य मिल गया है।

सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि मनरेगा कार्य लोगों के जीवन यापन व गरीब परिवार की रोजी-रोटी का एक प्रमुख अंग हो जाता है जो प्रत्येक वर्ष हर ग्रामीण के लिए खुशहाली लेकर आता है। दरबा ग्राम को प्राप्त मनरेगा कार्य के लिए सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने जनपद पंचायत, जिला पंचायत समस्त अधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित किया है।

इस शुभारंभ कार्यक्रम में सरपंच पुजा गुलशन साहू, जनपद सदस्य चंद्रशेखर साहू, रोजगार सहायक यमपुरी गोस्वामी तथा समस्त पंचायत प्रतिनिधि पंच गण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# महेंद्र कुमार बोरझा देंगे मगरलोड समर कैंप में अंग्रेजी पर टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विकासखंड नगरी अंतर्गत संकुल केंद्र फरसियां के आश्रित माध्यमिक शाला बोडरा के प्रधान पाठक महेंद्र कुमार बोरझा आगामी 25 मई से 29 मई 2026 तक हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड में आयोजित समर कैंप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं देंगे।

यह समर कैंप हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड के प्राचार्य आत्माराम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। समर कैंप के दौरान महेंद्र कुमार बोरझा प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक छात्र-छात्राओं को स्पोकन इंग्लिश, अंग्रेजी ग्रामर एवं अंग्रेजी बोलने की सरल तकनीकों की विशेष जानकारी देंगे।

उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शाला बोडरा अंग्रेजी शिक्षण एवं नवाचारों के क्षेत्र में विकासखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। विद्यालय के छात्र-छात्राएं अंग्रेजी विषय में विशेष दक्षता रखते हैं तथा विद्यालय समय-समय पर अपने उत्कृष्ट कार्यों के कारण सुर्खियों में बना रहता है।

बीते शिक्षा सत्र में महेंद्र कुमार बोरझा एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यक्रम हेतु हायर सेकेंड्री स्कूल मगरलोड पहुंचे थे। उनके सरल, प्रभावी एवं व्यवहारिक शिक्षण शैली से प्रभावित होकर प्राचार्य आत्माराम साहू द्वारा इस विशेष समर कैंप के आयोजन की पहल की गई।

प्राचार्य आत्माराम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं तथा अंग्रेजी सीखने के इच्छुक लोगों से अपील की है कि वे इस विशेष समर कैंप में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ प्राप्त करें।

## 15 दिन में समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# पंचायत अधिकारों की उपेक्षा पर सरपंच संघ नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



जनपद पंचायत सभाकक्ष कुरूद में ब्लॉक सरपंच संघ कुरूद की विस्तारित बैठक आयोजित हुई, जिसमें पंचायत के अधिकारों की उपेक्षा, विकास कार्यों में देरी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने की। उन्होंने कहा कि पंचायतों को लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई माना जाता है, लेकिन वर्तमान में पंचायत प्रतिनिधियों की लगातार अनदेखी हो रही है। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

जिला सरपंच संघ अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार और सम्मान दिए बिना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत एवं विजन 2047 के सपने को पूरा नहीं किया जा सकता। जयमित्र साहू गोजी ने कहा कि गांवों की वास्तविक समस्याओं को समझे बिना केवल कागजी योजनाओं से विकास संभव नहीं है। संरक्षक पूर्णिमा साहू ने पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी और अधिकारों से दूर रखने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सचिव चेतन देवांगन एवं मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने भी पंचायतों की समस्याओं और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को गंभीर मुद्दा बताया। बैठक में आरोप लगाया गया कि पंचायतों से जुड़े निर्माण कार्यों, मनरेगा योजनाओं, मूल्यांकन और भुगतान प्रक्रिया में अत्यधिक देरी हो रही है। राशन कार्ड, पेंशन और जॉब कार्ड जैसे कार्य भी जनप्रतिनिधियों की जानकारी के बिना किए जा रहे हैं। सरपंच संघ ने प्रशासन को 15 दिन की समय सीमा देते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की, अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में लगभग 76 सरपंच उपस्थित रहे।

# फल वाले को झांसा देकर हजारों रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

फल वाले से नगदी हजारों रूपये लेकर उसके बदले आनलाइन वापसी करने के बाद राशि को होल्ड करा हजारों रूपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। अंबेडकर वार्ड रूद्री रोड निवासी अंकेश सोनकर उम्र 20 वर्ष ने एसपी को नामजद शिकायत आवेदन किया है जिसमें कहा है कि वह रूद्री रोड में स्थित सोनकर प्लाजा के सामने फल का ठेला लगाता है। 18 नवंबर 2025 को आशीष देवांगन गुलमोहर वाटिका निवासी उसकी दकान में पहुंच अपने रिश्तेदार को अस्पताल में भर्ती होने का झांसा देकर 20 हजार रूपये नगद मांग तत्काल आनलाइन खाते में जमा करा देने का झांसा दिया। पुराना ग्राहक व परिचित होने के कारण आशीष को 20 हजार रूपये दे दिया। उन्होंने तत्काल उसके बैंक के खाते में 20 हजार आनलाइन जमा करा दिया। खाता में पैसा जमा हो गया जानकर वह संतुष्ट हो गया। 20.5.2026 को उसके बैंक खाते से 20-20 हजार रूपये कुल 40 हजार रूपये दो बार काट लिया जिस पर बैंक जाकर पता करने पर बताया गया कि कलेक्टोरेट के पास रहने वाले अमित पाठक ने 20 हजार रूपये होल्ड कराया है इसलिए डबल पैसा कटा है। पीड़ित ने आगे कहा कि इसी तरह 15 हजार नगद देकर आनलाइन जमा करवाया। बाद में उक्त रकम को होल्ड करवा दिया।

## पेज 9 के शेष

### कुसुमकसा मंडल में ...

सूची तैयार कर ली गई है और आगामी जनपद पंचायत बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि तय समय सीमा में सभी लंबित कार्यों को पूरा कराने के लिए आवश्यक बजट आवंटन एवं कार्य एजेंसी तय कराई जाएगी। मुकेश कौड़ो ने कहा,जनता का पैसा जनता के विकास पर ही लगना चाहिए। भाजपा की डबल इंजन सरकार में गांव-गांव सड़क, पानी, बिजली और सामुदायिक सुविधाओं के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से भी मुलाकात की। जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, योगेंद्र गाँधी और रुपेश नायक ने हितग्राहियों को नए आवास मिलने पर शुभकामनाएं दीं। हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना के माध्यम से उन्हें पक्का घर मिलने का सपना पूरा हुआ है।

### खाद, बीज और डीजल ...

अधिक मूल्य में खाद विक्रय करने वाले सभी विक्रेताओं पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, एग्रीस्टैक में पंजीकृत सभी किसानों को समितियों में नगद में खाद देने की व्यवस्था की जाए। नैनो डीएपी एवं नैनो युरिया की कीमत घटाकर मात्र को दुगना किया जाए एवं इसे ऐच्छिक किया जाए। किसानों को कृषि कार्य के लिये डीजल, कंटेनर या जेरीकैन में भी दिया जाय। गुणवत्तापूर्ण बीजों का भंडारण समितियों में करवाया जाए। हरी खाद के लिए ढेचा, सन, मूंग आदि के बीजों को सस्ती दर में उपलब्ध करवाया जाए।

## खबर संक्षेप



### मोर सेवा संगवारी योजना से घर बैठे मिल रहे ऑनलाइन दस्तावेज

**भिलाई।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना ''मोर सेवा संगवारी'' के तहत नागरिकों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र आसानी से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सरल, सुगम एवं घर बैठे उपलब्ध कराना है। नगर पालिक निगम भिलाई में इस योजना के अंतर्गत नागरिक टोल फ्री नंबर 14545 पर निःशुल्क कॉल कर मोर सेवा संगवारी के एजेंट को अपने घर बुला सकते हैं। एजेंट द्वारा नागरिकों से आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण की जाती है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। मोर सेवा संगवारी योजना के माध्यम से आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज एवं सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से शासन की इस जनहितकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। साथ ही कहा है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन दस्तावेज संबंधी आवश्यकता होने पर टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क कर सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

### उच्च उत्पादन लक्ष्य व बेहतर सुरक्षा पर जोर

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को भिलाई पहुंचे। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के विजिट के साथ बीएसपी के निदेशक प्रभारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में सुरक्षा और उत्पादकत पर जोर दिया। संयंत्र के परिचालन तथा वित्तीय स्थिति की व समीक्षा की। भविष्य के लिए अधिक लक्ष्य निर्धारित करने, डायरेक्ट डिस्पैच बढ़ाने तथा सुरक्षा एवं उत्पादकता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। प्रारंभ में श्री महापात्र एवं संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों द्वारा भिलाई निवास में श्री पंडा का स्वागत किया गया। सीआईएसएफ जवानों द्वारा उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने इस्पात भवन में आयोजित उच्चस्तरीय सेल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

### विकास कार्यों में घटिया सीमेंट व रेत का इस्तेमाल

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने नगर निगम भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में नगर उत्थान योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्य में व्यापक भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और गंभीर तकनीकी गड़बड़ियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जसप्रीत सिंह ने कहा कि 100 मीटर के इस मार्ग के लिए तकनीकी रूप से एम-10 ग्रेड (1:3:6 अनुपात) का कंक्रीट मिश्रण अनिवार्य किया गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा मानकों को ताक पर रखकर बेहद कमजोर 1:5:9 अनुपात के मिश्रण का प्रयोग किया जा रहा है, जो सड़क की उम्र और मजबूती को सीधे तौर पर खत्म कर रहा है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर निवासी आरबीरा तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने विक्रेता श्री देवराज पिता श्री बीरसिंग जाति हल्बा साकिन ग्राम संबलपुर तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद (छत्तीसगढ़) के मालिकाना हक व स्वामित्व की काश्तकारी भूमि खसरा नं 364, 369, 375, 711/1 रकबा क्रमशः 0.07, 0.06, 0.13, 0.19 हे कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.45 हे. ऋण पुस्तिका क्रं P3435968 ग्राम संबलपुर पहनं 36 तह डौंडीलोहारा व जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में स्थित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याने की बड़ी रकम दे दी हैं, उक्त सौदाशुदा भूमि का विक्रय पंजीयन मात्र शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांकः 29-05-2026

विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ
राजनांदगाँव ब्राह्मण पारा, गांधी चौक,
राजनांदगाँव पिन कोडः 491441
मो : 9424126898

**आयोजन : कलार समाज ने सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश**

# सतमरा बेलौदी में तहसील कलार महोत्सव सम्पन्न सामाजिक एकजुटता और विकास पर दिया गया जोर






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

ग्राम सतमरा बेलौदी में छत्तीसगढ़ कलार समाज तहसील इकाई गुण्डरदेही द्वारा तहसील कलार महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता नवनिर्वाचित मंडलेश्वर गोविन्द राम सिन्हा ने किया। विशिष्ट अतिथि विरेन्द्र साहू, टोमन लाल साहू, कलार समाज प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ विशम्भर सिन्हा, प्रदेश महिला मंच सचिव त्रिवेणी सिन्हा, जिला अध्यक्ष चमन लाल सिन्हा, महामंत्री चंद्रहास सिन्हा, विकास जैन, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद सदस्य पूर्णिमा साहू, जनपद सभापति अश्वनी कटहरे, सरपंच सोनउ (सन्नी) साहू, कलंगपुर सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा, सरपंच बेलौदी कुमुदनी साहू, प्रदेश पूर्व महामंत्री प्रेमलाल सिन्हा, भिलाई मंडलेश्वर जीवन सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष अविभाजित दुर्ग जिला आनंद राम सिन्हा, धमतरी मंडलेश्वर संतोष सिन्हा थे।



नवनिर्वाचित मंडलेश्वर गोविन्द राम सिन्हा के नेतृत्व में एवं समाजसेवी किशन गजेंद्र हल्दी, राजेश सिन्हा सिर्राभांठा, जसवंत सिन्हा चीचा के विशेष सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। तहसील गुण्डरदेही सचिव रामनारायण सिन्हा, कोषाध्यक्ष रामनारायण सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष माधवी सिन्हा, सचिव पदमनी सिन्हा, कोषाध्यक्ष रेणुका सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष वरुण डड़सेना, सचिव खोमेश्वर सिन्हा, कोषाध्यक्ष अनिल सिन्हा, सतमरा ग्रामीण अध्यक्ष शत्रुहन सिन्हा, सचिव कमलेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष मिलाप सिन्हा व समस्त ग्रामवासी सतमरा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। महोत्सव मे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पदभार व शपथग्रहण, तहसील कार्यकारिणी की घोषणा व शपथ ग्रहण, सामाजिक वरिष्ठ नागरिक सम्मान, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान व तहसील गुण्डरदेही अंतर्गत ग्रामीण अध्यक्षगणों का सम्मान सहित अन्य नवाचार का कार्यक्रम शामिल रहा। मंच संचालन सचिव रामनारायण सिन्हा व चुम्मन सिन्हा द्वारा किया गया।

कलार समाज की इष्टदेवी माता बहादुर कलारिन व इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव की शोभायात्र व कलश यात्र निकाली गई। पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक ध्वजारोहण व देवपूजन किया गया। मंडलेश्वर गोविन्द राम सिन्हा ने सामाजिक एकजुटता, संगठनात्मक मजबूती और समाज के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजन पर प्रकाश डाला। सिन्हा ने कहा कि समाज के लोगों में आंतरिक एकजुटता बनाए रखने तथा सामाजिक समरसता को और मजबूत करने के लिए आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही विकास की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकता है।

गोविन्द सिन्हा ने बेटी रोटी के मामलों से ऊपर उठकर समाज को नई दिशा प्रदान करने हेतु रचनात्मक कार्य की बात कही। डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि कोई भी समाज बड़ा या छोटा नहीं होता, बल्कि विचारधारा छोटा या बड़ा हो सकता है। कोर्सेवाड़ा ने मंडलेश्वर गोविन्द सिन्हा व ग्रामीण सिन्हा समाज की मांग पर सिन्हा सामुदायिक भवन सह डोम शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए एवं सतमरा में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की। सरपंच ग्राम पंचायत कलंगपुर पुष्पा सिन्हा की मांग पर कलंगपुर में अनुसूचित जाति निवास गलियों में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की।

### ये हुए शामिल

नवनिर्वाचित मंडलेश्वर गोविन्द सिन्हा ने अपने तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की जिसे जिला अध्यक्ष चमन लाल सिन्हा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिसमें प्रमोद सिन्हा उपाध्यक्ष, यूगल किशोर सिन्हा उपाध्यक्ष, सलाहकार लोकमान्य सिन्हा, केशव राम सिन्हा, रविप्रकाश सिन्हा, धोनीराम सिन्हा, तामेश्वर सिन्हा, विशेष आमंत्रित सदस्य लीलाधर सिन्हा, कमलेश सिन्हा, पवन सिन्हा, जनक सिन्हा, रूपराम सिन्हा, मीडिया प्रभारी भुपेन्द्र सिन्हा, विधि प्रकोष्ठ बाबूलाल सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य टिकेश्वर सिन्हा, रामेश्वर गजेंद्र, भूपत सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, सुरेश सिन्हा, लीलाधर सिन्हा, दानीराम सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा, डामन सिन्हा, छगन लाल सिन्हा, नरेन्द्र कुमार सिन्हा, पुनाराम सिन्हा, मनहरण सिन्हा, रामचरण सिन्हा, प्रीतम सिन्हा, झामिन बाई सिन्हा, हेमलता सिन्हा, पुष्पा सिन्हा को शामिल किया गया। आयोजन में वर्तमान शिक्षण सत्र परीक्षा परिणाम 5 वीं, 8वीं, 10वीं, 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान 32 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही 80 वर्ष से अधिक 15 वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

## नया बस स्टैंड क्षेत्र में आरसीसी नाली निर्माण को मिली स्वीकृति

**जलभराव समस्या से मिलेगी राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीजेपी प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के सतत प्रयासों और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के फलस्वरूप राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे आरसीसी नाली निर्माण की बहुप्रतीक्षित स्वीकृति मिल गई है। नाली निर्माण के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रलय ने 23.29 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। जिला मुख्यालय के नया बस स्टैंड की जल भराव की समस्या के निदान के लिए प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन की पहल पर लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क निर्माण राज मार्ग निर्माण विभाग ने नाली निर्माण के लिए 23.29 लाख स्वीकृत किया है, विभाग के अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि जल्द ये कार्य पूरा होगा। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों ने मुख्यमंत्री विष्णु साय जी एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है।



- 23.29 लाख की स्वीकृति से जलभराव समस्या के समाधान की उम्मीद

नए बस स्टैण्ड में लंबे समय से जलभराव और जल निकासी की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह निर्णय एक बड़ी राहत लेकर आया है। इस बड़ी उपलब्धि पर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने श्री जैन के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भर जाता था। इससे ना केवल यातायात बाधित होता था, बल्कि आसपास के दुकानदारों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। गंदगी और मच्छरों के प्रकोप से स्थानीय लोग लगातार परेशान थे और एक स्थाई नाली निर्माण की मांग कर रहे थे। जनता की इस जायज मांग को गंभीरता से लेते हुए महामंत्री यशवंत जैन ने शासन स्तर और संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से लगातार संवाद किया। जिसके परिणामस्वरूप आखिरकार राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा आरसीसी नाली निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–930 के किनारे बस स्टैंड के पास वार्ड क्रमांक–16 में आरसीसी नाली निर्माण के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय द्वारा 23.29 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। अब आरसीसी नाली निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इस उपलब्धि पर स्थानीय व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## शहर में उल्लास और भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में बकरीद का त्यौहार खुशनुमा माहौल में मनाया गया। जामा मस्जिद के ईमाम ओ खतीब मोहम्मद शकील चिश्ती ने ईदगाह में अवाम से कहा कि बकरीद पर की जाने वाली कुर्बानी का मकसद अल्लाह ताअला की कुरबत हासिल करना है।

- हजरत इब्राहिम की कुर्बानी का किया जिक्र, बुराइयों को छोड़ने का भी संदेश





उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह की रजा जानकर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम को अल्लाह की राह में कुर्बान करना चाहा, लेकिन अल्लाह की कुदरत से हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की जगह एक दुम्बा(भेंड़) आ गया, जो हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की जगह कुर्बान हो गया। इमाम–ओ–खतीब शकील चिस्ती ने ईद की नमाज के बाद रियासत व मुल्क की तरक्की, अमनो–आमान और भाईचारे के लिए दुआएं की। नमाज के बाद एक–दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

हाफिज शकील चिश्ती ने कहा कि एक कुर्बानी सिर्फ जानवर को जिबा करना नहीं बल्कि इंसान को अपनी जिंदगी की तमाम बुराइयों तकब्बुर, हसद, बुग्ज, कीना और नफरत जैसी तमाम बुराइयों को भी अपनी जिंदगी से दूर करना है। यह भी अल्लाह की राह में एक कुर्बानी है। उन्होंने कहा कि आज अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन है। आज शुक्राना अदा करने और खुशी मनाने का दिन है।

गरीबों, मिस्कीनों की मदद करने का दिन है। ईद के इस मौके पर इंतजामियां कमेटी के शाहिद खान ने मुसलमानों को ईद की बधाई देते हुए पुलिस प्रशासन, नगरपालिका का आभार व्यक्त किया। नमाज के बाद मुस्लिमों ने कब्रिस्तान जाकर अपने अपने मरहूँमो लिये मगफिरत की दुआएं मांगी।

## विषय चयन में रुचि, योग्यता और लक्ष्य को दें प्राथमिकता : शिवेन्द्र बहादुर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नवीन शैक्षणिक सत्र में विशेष रूप से कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के विषय चयन को लेकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर साहू ने विद्यार्थियों एवं पालकों से महत्वपूर्ण अपील की है।



उन्होंने कहा कि विषय चयन केवल अंक या दूसरों की पसंद देखकर नहीं, बल्कि विद्यार्थी की रुचि, क्षमता, लगन और भविष्य के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए, क्योंकि यही निर्णय आगे चलकर विद्यार्थी के व्यक्तित्व और कैरियर की दिशा तय करता है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे विद्यार्थी, जिन्हें सामान्य रूप से कमजोर समझ लिया जाता है, उनकी भी गणित अथवा विज्ञान विषय में विशेष रुचि होती है। केवल पूर्व परीक्षा परिणाम या कम अंकों के आधार पर किसी विद्यार्थी के सपनों और रुचि को सीमित करना उचित नहीं है। यदि विद्यार्थी में सीखने की इच्छा, मेहनत और आत्मविश्वास है, तो शिक्षकों और पालकों का दायित्व है कि वे उसका मनोबल बढ़ाएं, सही मार्गदर्शन दें और आवश्यक सहयोग प्रदान करें। व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर साहू ने कहा कि प्रत्येक विषय अपने आप में महत्वपूर्ण और संभावनाओं से भरपूर होता है। चाहे विज्ञान, गणित, इतिहास, राजनीति विज्ञान, वाणिज्य अथवा कला संकाय हो, हर क्षेत्र में सफलता के अवसर उपलब्ध हैं। कोई विषय छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि विद्यार्थी की मेहनत, लगन और सकारात्मक दृष्टिकोण उसे ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आग्रह किया कि विषय चयन को दबाव, तुलना या सामाजिक धारणा का विषय न बनाएं, बल्कि इसे विद्यार्थी की रुचि, क्षमता और उज्ज्वल भविष्य से जोड़कर देखें। सही विषय का चयन ही आत्मविश्वास, सफलता और संतुष्टि की मजबूत नींव रखता है।

## रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का समापन आरसीबी भोईनापार बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/लाटाबोड़

आदर्श ग्राम लाटाबोड़ में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित रात्रिकालीन प्लास्टि बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत प्रतिनिधि वैभव साहू थें। वैभव साहू ने कहा कि न्यू स्टार क्रिकेट क्लब के साथियो के तत्कवाधान में रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हाई स्कूल मैदान में आपसी समरसता व सहयोग और एक जुटका परिचय देते हुए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मानसिक, शारीरिक संतुलन के लिए खेल जरूरी है। विजेता टीम आरसीबी भोईनापार के खिलाड़ी साथियो ने अपने उम्दा खेल का प्रदर्शन कर एक रोमांचक मुकाबले में विपक्षी टीम रेल्वे कॉलोनी बालोद को 30 रनो के अंतर से हराकर फाईनल मैच का विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वही उपविजेता रही रेल्वे बालोद टीम के युवा साथियो को यही कहना चाहता हूं कि इस घर से आप सभी साथियो को निराश होने की आव”यकता नही है। खेल में हार जीत मायने नही रखता है। मायने रखता है कि हम कितना अच्छा खेल खेले।

आने वाले समय में आप अपने खेल सुधार करे ओर कड़ी मेहनत कर अपनी जीत सुनि”चत करे। इस अवसर पर विजेता टीम भोईनापार को 11111 रूपए व विनर कप व उपविजेता टीम रेल्वे बालोद को द्वितीय पुरस्कार 7777 रूपए व विनर कप, तृतीय पुरस्कार शक्ति इलेवन देवीनवागांव को 5555 रूपए व विनर कप, चतुर्थ पुरस्कार किग्स इलेवन पिरिद को 3333 रूपये व विनर कप सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर भगवती उईके, तेजप्रकाश मंडावी, फलेश्वरी साहू, डोलेश्वरी साहू, जीवन लाल साहू, हरिशचन्द्र साहू,ईश्वर ठाकुर, शोलेन्द्र साहू, दुष्यंत कुमार साहू, शीतेश धुरवे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विकास के नाम पर हो रहा पर्यावरण विनाश जंगलों की कटाई पर लगे रोक : महेंद्र गजीर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

जन मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष महेंद्र गजीर ने विकास के नाम पर हो रहे पर्यावरण विनाश को लेकर सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज देश में विकास की आड़ में प्रकृति का निर्मम दोहन किया जा रहा है। जगह-जगह लाखों पेड़ों की कटाई कर जंगलों को उजाड़ा जा रहा है, जिससे पर्यावरण संतुलन पूरी तरह बिगड़ता जा रहा है। इसका दुष्परिणाम आने वाले समय में मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों और समस्त जीव जगत को भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि देशभर में बड़े पैमाने पर जंगलों का सफाया किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ का हसदेव क्षेत्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण बन चुका है, जहां कोयला खदान परियोजनाओं के नाम पर लाखों पेड़ काट दिए गए हैं। आने वाले समय में भी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की तैयारी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के बजाय लगातार उद्योगों और परियोजनाओं के नाम पर जंगलों को समाप्त किया जा रहा है।



महेंद्र गजीर ने कहा कि केवल जंगलों की कटाई ही नहीं, बल्कि शहरों और गांवों में तेजी से बढ़ रहे सीमेंट और कंक्रीट के विस्तार ने भी धरती का संतुलन बिगाड़ दिया है। जमीन के भीतर का जलस्तर लगातार नीचे खिसकता जा रहा है। पहले जहां बीस से तीस फीट में पानी मिल जाता था, वहीं अब एक सौ चालीस से एक सौ पचास फीट तक खुदाई करनी पड़ रही है। यह स्थिति आने वाले समय के लिए बेहद भयावह संकेत है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण तापमान लगातार पैंतालीस से छियालिस डिग्री तक पहुंच रहा है। गर्म हवाओं और जल संकट के चलते पशु-पक्षी एवं वन्य जीव तड़प-तड़प कर मरने को मजबूर हैं। यदि समय रहते प्रकृति के साथ हो रहा खिलवाड़ नहीं रोका गया तो आने वाले वर्षों में मानव जीवन भी गहरे संकट में पड़ जाएगा। जन मुक्ति मोर्चा ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि जंगलों की अंधाधुंध कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी तभी मानव जीवन सुरक्षित रह पाएगा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### डौकीडीह में तीन दिनी लीला नाटक का शुभारंभ, धनुष यज्ञ लीला ने बांधा समां

**अंडा।** अंडा समिपस्थ ग्राम डौकीडीह में आयोजित तीन दिवसीय लीला नाटक कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार रात भक्ति और उत्साह के माहौल में हुआ। नवां अंजोर नाट्य संस्था बोरीगारका (उर्ते) द्वारा प्रस्तुत प्रथम दिवस के कार्यक्रम में "धनुष यज्ञ लीला" का शानदार मंचन किया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्र के लोग पहुंचे। मंचन के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता एवं राजा जनक दरबार के प्रसंगों को कलाकारों ने जीवंत अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग किए जाने का दृश्य दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान जय श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम रात्रि 8:30 बजे से प्रारंभ हुआ और देर रात तक दर्शकों की भारी भीड़ बनी रही। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है। आगामी दिनों में "सूपनखा लीला से बाली वध" एवं "वीर अभिमन्यु नाटक" का मंचन किया जाएगा। सहयोगी डा खेमेश्वर दास, डामन साहू, भूषण चन्द्राकर, कनिष्ठ, योभा निषाद, विकास सेन, विसाल सहित समस्त ग्रामवासी डौकीडीह का विशेष सहयोग रहा।

### ऑटो मोबाइल संचालक से ठगी करने वाले 6 गिरफ्तार



**भिलाई।** मोबाइल संचालक के खाते से लाखों रुपए का ठगी करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सुपेला पुलिस, एसीसीयू की टीम बनाकर ठगी करने वालों जांच शुरू की गई। जांच में बात सामने आई कि पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी रायपुर स्थित तनिष्क होटल राठौर चौक में ठहरने की खबर मिली। आरोपी अपने ठिकाने लगातार बदल रहे थे। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी, संदिग्ध बैंक खातों का जांच किया। इस दौरान आरोपी लोहावट जिला जोधपुर राजस्थान निवासी पंकज शर्मा समेत कुछ आरोपियों को रायपुर जंय स्तभ चौक के पास संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। अन्य आरोपी बूढ़ा तालाब क्षेत्र के आसपास किराए के मकान की तलाश करते हुए पकड़े गये। पूछताछ में अपना नाम अमरपुरा गंगा शहर जिला बीकानेर राजस्थान निवासी मुरली जनागल, चीपड़ाबाड़ी थाना गंगाशहर बीकानेर राजस्थान गोपाल सोनी, सोइरा शेरगढ़ जिला जोधपुर मोती सिंह , बापीनी थाना पतोड़ा जिला जोधपुर राजस्थान मोतीलाल शर्मा , गंगाशहर बाफना स्कूल के सामने जिला बीकानेर राजस्थान बनवारी शर्मा बताया है। आरोपियों से 1 लाख 20 हजार, 6 मोबाइल, पेन, डेबिड कार्ड, वोटर आईडी , ड्राइविंग लाइसेंस, चेक, पास बुक,आधार कार्ड एक्नॉलेजमेंट, सिम आदि बरामद किया गया।

**आयोजन :** मंदिर पूरे छत्तीसगढ़ के सर्व समाज की आस्था का केंद्र बनेगा तथा सर्वसमावेशी भावनाओं का प्रतीक होगा

# कौशल्या धाम जामड़ी पाटेश्वर में प्रदेश स्तरीय मानस संगोष्ठी आयोजित, 'मानस कौशल्या' पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मां कौशल्या धाम जामड़ी पाटेश्वर में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत एक माह तक आयोजित धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 26 मई को श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश स्तरीय मानस सम्मेलन एवं मानस संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत श्री राम बालक दास महात्यागी के मुख्य आतिथ्य तथा श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजेंद्र ठाकुर, छगन यदु, हृदय राम सोरी, रोहित जंघेल, तामेश्वर साहू, सीताराम साहू, श्याम कुमार साहू, त्रेता चंद्राकर, जितेंद्र पटेल, सुभाष यादव, लीलार सिन्हा, बी.आर. बेलसर, सर्वेंद्र विनायक सहित प्रदेश भर से पधारे मानस विभूतियां एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में जगदीश देशमुख ने कहा कि ब्रह्म भी अवतार लेने के लिए श्रेष्ठ गर्भ की तलाश करते हैं। भगवान श्रीराम को भी अवतार लेने हेतु पूरे ब्रह्मांड में माता कौशल्या जैसी पवित्र और ऊर्जामयी कोख छत्तीसगढ़ में मिली, जहां उन्होंने जन्म लिया।




उन्होंने कहा कि विश्व वंदनीय माता कौशल्या का भव्य एवं दिव्य मंदिर संत श्री राम बालक दास महात्यागी के संकल्प और तप से आकार ले रहा है, जिसके निर्माण में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ तन, मन और धन से समर्पित भाव से जुड़ा हुआ है। संत श्री राम बालक दास महात्यागी ने प्रतिष्ठान के कार्यों एवं उद्देश्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह मंदिर भगवान श्रीराम की जननी माता कौशल्या का मंदिर है, इसलिए इसके निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि यह मंदिर पूरे छत्तीसगढ़ के सर्व समाज की आस्था का केंद्र बनेगा तथा सर्वसमावेशी भावनाओं का प्रतीक होगा। मानस संगोष्ठी में प्रदेश भर से आए मानस वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "बंदऊं कौशल्या दिसि प्राची" को आधार बनाकर माता कौशल्या को पूर्व दिशा तथा भगवान श्रीराम को उस दिशा से उदित होने वाले सूर्य के रूप में व्याख्यायित किया और विभिन्न आध्यात्मिक भाव प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के अंत में संत श्री राम बालक दास महात्यागी ने दानदाताओं एवं प्रतिष्ठान के पदाधिकारियों को माता कौशल्या की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। आरती एवं मंगलाचार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भरदा में प्रदेश स्तरीय कबड्डी स्पर्धा संपन्न, 45 टीमों ने दिखाया दमखम



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम भरदा, दुर्ग मे प्रदेश स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन संपन्न हुआ। यह स्पर्धा न्यू शिवजी क्रीड़ा मंडल के बैनर तले संपन्न हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो से 45 टीमो ने हिस्सा लिया 1 यह स्पर्धा खिलाडियों के संरक्षण एवं समर्थन एवं प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से आयोजित की गयी। जिसमें 500 से अधिक खिलाडी सम्मिलित हुए थे। स्पर्धा के मुख्य अतिथि टिकेश्वरी लाल देशमुख कार्यकारी अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ ने खिलाडियों का संबल बढ़ाते हुए कहा की कबड्डी हमारी जमीन एवं धरातल की खेल है।

इसे शिद्दत से खेलने की आवश्यकता है। यह आयोजन अपनी प्रतिभा को पहचान देने के लिए किया गया है, मुझे विश्वाश है की उपस्थित खिलाडी प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे, कबड्डी को प्रदेश देश एवं विदेश मे इस प्रयास के लिए सभी को नये चिंतन के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए ग्राम भरदा की सरपंच सुनीता भर्दिया ने भी आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। स्पर्धा मे उत्कृष्ठ खिलाडियों का सम्मान किया गया। जिसमें जिला बलोद बम्हनी की टीम ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कियां7। द्वितीय स्थान पर धमतरी हिर्री तथा तृतीय बिलासपुर एवं चतुर्थ स्थान पर जिला राजनंदगांव भरदा खुद रहा। अतिथियों द्वारा सभी उत्कृष्ट टीमो एवं खिलाडियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कबड्डी संग दुर्ग जिला के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश भर्दिया, निर्मल देशमुख, शुभम देशमुख, गिरधर यादव, सोनसिंह यादव, अमन यादव, दुर्गेश यादव, देवराज देशमुख, समेंद्र निषाद, चंद्रिका देशमुख दीपक यादव जी, अरुण यादव, मुलचंद् देशमुख, पिटेश्वर यादव, श्रवण देशमुख, अशोक देशमुख, दीपक ठाकुर आदि ऑफिशियल निर्णायक कमिटी एवं ग्राम वासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे 1

## भाजपा ओटेबंद मंडल के शक्ति केंद्र देवरी (क) में मासिक बैठक सम्पन्न



**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी ओटेबन्द मण्डल के शक्ति केन्द्र देवरी (क) के अंतर्गत बूथ क्रमांक 236 ग्राम साजा में शक्ति केन्द्र की मासिक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिसमे शक्ति केन्द्र के बूथों में महीना के अंतिम रविवार को मन की बात सुनना, सरल पोर्टल में कार्यक्रम की गतिविधि को अपलोड करना, बूथ कमेटी की सत्यापन करना एवं अन्य विषयों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक थानसिंह मंडावी, शक्ति केन्द्र संयोजक देवकुमार साहू, मंडल कार्यकारणी सदस्य देवेन्द्र कुमार यदु, बूथ अध्यक्ष छत्रपाल देशमुख, बूथ सचिव टिका राम साहू, बूथ एजेंट गीतेश्वर देशमुख, भरत साहू, नारायण ठाकुर, राजा राम साहू, राम आसरा साहू उपस्थित थे।

## टटेंगा स्कूल के शिक्षकों की अनोखी पहल मेधावी विद्यार्थियों के घर पहुंचकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा 2025-26 में शाला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं तथा उनके पालकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक एवं व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने नवाचार करते हुए अनोखी पहल की।

दोनों शिक्षकों ने विद्यार्थियों के घर-घर जाकर उन्हें एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए बधाई दी। शिक्षकों का मानना है कि सामान्यतः विद्यार्थियों को विद्यालय के मंच पर सम्मानित किया जाता है, लेकिन घर पहुंचकर सम्मान देने से पूरे परिवार एवं समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा शिक्षा के प्रति प्रेरणादायी वातावरण तैयार होता है। सभी मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा विशेष उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता अजय पाठक एवं व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत एवं लगन से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।



शिक्षकों के इस विशेष भ्रमण एवं सम्मान कार्यक्रम से विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। अभिभावकों ने भावुक होकर शिक्षकों एवं शाला परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डौंडी में भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से डौंडी रेस्ट हाउस में शक्ति केंद्र की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, डौंडी भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र गांधी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी रणनीति एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

- बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर, रुपेश नायक-योगेंद्र गांधी ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने कहा कि शक्ति केंद्र भाजपा संगठन की सबसे मजबूत इकाई है। यदि बूथ जीतना है तो शक्ति केंद्र को सक्रिय और मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में डौंडी क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जिन्हें जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक ने कहा कि डौंडी मंडल के सभी 62 बूथों पर नवंबर तक पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। साथ ही प्रत्येक शक्ति केंद्र प्रभारी द्वारा हर 15 दिन में बैठक आयोजित करने की बात कही गई। कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र गांधी ने कहा कि क्षेत्र में भाजपा संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और युवा मोर्चा तथा महिला मोर्चा को भी शक्ति केंद्र की बैठकों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने "हमारा बूथ, सबसे मजबूत" के मंत्र के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल ने संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक पूंजी हैं और संगठन की मजबूती उन्हीं के समर्पण से संभव है।

बैठक में मंडल उपाध्यक्ष पिंटू नाहर, विशाल जैन, रुपेश जैन, पवन साहू, लोचन मरकाम सहित बड़ी संख्या में शक्ति केंद्र प्रभारी, सह प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष द्वारा किया गया।

## अवैध निर्मित दुकान को निगम ने हटाया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत नंदनी रोड ओवर ब्रिज के बगल में अवैध रूप से निर्मित दुकान पर निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। निगम को प्राप्त शिकायत एवं स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अल्ताफ द्वारा बिना अनुमति नया दुकान निर्माण किया गया था, जिससे मार्ग व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार तोड़फोड़ दस्ता एवं संबंधित जोन की टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की।

